# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर-273007 (उ.प्र.)

आईएसबीएन : 000-00-0000-000-0

# सेवा पथ

## मासिक ई-पत्रिका

वर्ष-3 अंक-21-22
अप्रैल-मई, 2025
संयुक्तांक

University Email-mguniversitygkp@mgug.ac.in
NSS Email-coordinator.nss@mgug.ac.in
NCC Email-ncc@mgug.ac.in

**Editors :**

Dr. Akhilesh Kumar Dubey (Chief Editor)

Dr. Sandeep Kumar Srivastava (Co-Editor)

© **Editors**

Edition : 2025

Pages : 10

Size : A4

Paper Quality (GSM) : NIL (Only Electronic)

**Published by :**

Mahayogi Gorakhnath University Gorakhpur

Arogya Dham, Balapar Road, Sonbarsa, Gorakhpur,


Uttar Pradesh-273007

Tel. : +9999764424, 8765005177

E-mail : mguniversitygkp@mgug.ac.in

# राष्ट्रीय सेवा योजना

**संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता** — **पारिजात और माता सबरी इकाई**















संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता के दौरान कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक

**दिनांक : 14 अप्रैल, 2025** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अन्तर्गत कृषि संकाय एवं फार्मेसी संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय सेवा योजना की पारिजात और माता सबरी इकाई द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री साध्वी नंदन पांडेय जी ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष, संविधान निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान तथा सामाजिक समरसता के लिए किए गए प्रयासों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने डॉ. अंबेडकर के विचारों, शिक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण और सामाजिक न्याय की भावना पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की पारिजात इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आयुष कुमार पाठक एवं माता सबरी इकाई के डॉ. अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित रहे।

दोनों ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन प्रेरणा का स्रोत है, और उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को दिशा देने में सक्षम हैं। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक वाणिज्य संकाय श्री रवि निषाद, आशीष दुबे, दीनदयाल गुप्ता, प्रियांश मौर्य, अखिलेश चौरसिया, विकास यादव, निखिल प्रकाश पांडेय और माता सबरी, पारिजात इकाई के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।










ग्राम दुर्गापुर में पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान में माता अनुसूईया इकाई की कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेविकाएं

**दिनांक : 20 अप्रैल, 2025** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की माता अनुसुईया इकाई के द्वारा ग्राम दुर्गापुर में पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

पोषण पखवाड़ा का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य कुपोषण से निपटने और स्वस्थ्य भारत के निमार्ण की संकल्पना को साकार करना है।

पोषण पखवाड़ा के अन्तर्गत जागरूक करते हुए माता अनुसुईया इकाई की स्वयंसेविका पोषण पखवाड़ा 2025 थीम–मातृ एवं शिशु पोषण डिजिटल पहुँच और बचपन में मोटापे से निपटना।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अन्तर्गत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की माता अनुसुईया इकाई के द्वारा ग्राम दुर्गापुर में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिनांक 08 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025 तक चलाये गये पोषण पखवाड़ा के उद्देश्य परिवारो में मातृ पोषण उचित स्तनपान प्रथाओं और बचपन में बौनेपन और एनीमिया को रोकने में संतुलित आहार के बारे में शिक्षित करना है माता अनुसुईया इकाई के स्वयंसेवको के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें स्वयंसेवकों के द्वारा कुपोषण से होने वाली बीमारियो के बारे में ग्रामवासियों को अवगत कराया–

1.एनीमिया (रक्ताल्पता) जो छोटे बच्चों किशोरियों और महिलाओं में अधिक हाने की सम्भावना होती है।

2.बौनेपन कम वजन बचपन मे मोटापा जैसी बीमारियों के बारे में ग्रामवासियों को जागरूक किया गया तथा इनसे बचने के लिए उपाय बताये गये।

स्वयंसेवको के द्वारा हरी सब्जियों को ले जाकर गाँव में लोगो को उनके लाभ के बारे में अवगत कराया पोस्टर पेन्टिंग्स के माध्यम से ग्रामवासियों को पोषण युक्त भोजन के बारे में जागरूक किया। प्रसवपूर्व देखभाल उचित पोषण और नियमित स्वास्थ्य जाँच के बारे में जागरूक किया, लोगो को प्रतिदिन कम से कम 08 गिलास पानी पीने की सलाह दी तथा गर्म हवा (लू) से बचाव के बारे में लोगो को जागरूक किया। ग्रामवासियों को भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कुपोषण को दूर करने के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम (जैसे आँगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से 0–6 वर्ष के बच्चों के लिए पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, टीकाकरण अभियान) के बारे में जागरूक किया एवं साफ– सफाई के बारे में लोगो की बताया कि अपने आस–पास के वातावरण को

साफ रखें जिससे हमे स्वच्छ वायु एवं जल प्राप्त हो सके।

जागरूकता अभियान में माता अनुसुईया इकाई की स्वयंसेविका पूनम, अनामिका, ऋचा, मुस्कान, रंजना, शालिनी, सारिका, नेहा, अल्का, लक्ष्मी, शीतल, कुमकुम, गीता, के नेतृत्व में इकाई की सभी स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया तथा मैत्रेई इकाई की स्वयंसेविका अमृता यादव उन्नति संयोगिता, सुमन शीतल प्राची अनामिका के नेतृत्व में इकाई के सभी 100 स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया। ग्रामवासियों ने स्वयंसेवको के इस आयोजन की प्रशंसा की।

पोषण पखवाडा कार्यक्रम माता अनुसुईया इकाई की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुमन यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

## पोषण पखवाड़ा : जागरूकता अभियान — मैत्रेयी इकाई




ग्राम बैजनाथपुर में पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान में मैत्रेयी इकाई की कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेविकाएं

**दिनांक : 20 अप्रैल, 2025** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की मैत्रेयी इकाई के द्वारा ग्राम बैजनाथपुर में पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

पोषण पखवाड़ा का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य कुपोषण से निपटने और स्वस्थ्य भारत के निर्माण की संकल्पना को साकार करना है।

पोषण पखवाड़ा के अन्तर्गत जागरूक करते हुए मैत्रेयी इकाई की स्वयंसेविका पोषण पखवाड़ा 2025 थीम–मातृ एवं शिशु पोषण डिजिटल पहुँच और बचपन में मोटापे से निपटना।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अन्तर्गत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की मैत्रेयी इकाई के द्वारा ग्राम बैजनाथपुर में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिनांक 08 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025 तक चलाये गये पोषण पखवाड़ा के उद्देश्य परिवारो में मातृ पोषण उचित स्तनपान प्रथाओं और बचपन में बौनेपन और एनीमिया को रोकने में संतुलित आहार के बारे में शिक्षित करना है को दृष्टिगत रखते हुए माता अनुसुईया इकाई के स्वयंसेवको के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें स्वयंसेवकों के द्वारा कुपोषण से होने वाली बीमारियो के बारे में ग्रामवासियों को अवगत कराया–

1.एनीमिया (रक्ताल्पता) जो छोटे बच्चों किशोरियों और महिलाओं में अधिक होने की सम्भावना होती है।

2.बौनेपन कम वजन बचपन मे मोटापा जैसी बीमारियों के बारे में ग्रामवासियों को जागरूक किया गया तथा इनसे बचने के लिए उपाय बताये गये।

स्वयंसेवको के द्वारा हरी सब्जियों को ले जाकर गाँव में लोगो को उनके लाभ के बारे में अवगत कराया पोस्टर पेन्टिंग्स के माध्यम से ग्रामवासियों को पोषण युक्त भोजन के बारे में जागरूक किया।

प्रसवपूर्व देखभाल उचित पोषण और नियमित स्वास्थ्य जाँच के बारे में जागरूक किया, लोगो को प्रतिदिन कम से कम 08 गिलास पानी पीने की सलाह दी तथा गर्म हवा (लू) से बचाव के बारे में लोगो को जागरूक किया।

ग्रामवासियों को भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कुपोषण को दूर करने के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम (जैसे आँगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से 0–6 वर्ष के बच्चों के लिए पोषण युक्त आहार उपलब्ध

कराना, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, टीकाकरण अभियान) के बारे में जागरूक किया एवं साफ–सफाई के बारे में लोगो की बताया कि अपने आसपास के वातावरण को साफ रखें। जिससे हमे स्वच्छ वायु एवं जल प्राप्त हो सके।

जागरूकता अभियान मैत्रेयी इकाई की स्वयंसेविका रितिका, समीक्षा, करन, अरविन्द, मेराज, अमृता, प्राची, रिंकी, एकता, अंशिका यादव उन्नति संयोगिता, सुमन शीतल के नेतृत्व में इकाई की सभी स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया।

ग्रामवासियों ने स्वयंसेवको के इस आयोजन की प्रशंसा की।

पोशण पखवाडा कार्यक्रम मैत्रेयी इकाई की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री गरिमा पाण्डेय के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।



# छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम

# राष्ट्रीय सेवा योजना








छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक एवं स्वयंसेवक

**दिनांक : 22 मई, 2025** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं गोरखपुर जिले के 11 थाना क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों द्वारा निपूर्ण किए गए छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के द्वितीय चरण की समीक्षा बैठक आज पुलिस लाइन गोरखपुर स्थित व्हाइट हाउस सभागार में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक (नियम एवं ग्रंथ) श्री आशीष गुप्ता द्वारा की गई। बैठक का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के स्वागत उद्‌बोधन से हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम के नोडल पुलिस अधीक्षक श्री विजय आनंद शाही ने छात्र पुलिस कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक है। इससे छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व, संवाद कौशल और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। उन्होंने इसे शिक्षा और पुलिस प्रशासन के बीच एक सशक्त कड़ी बताते हुए कहा कि इस प्रकार की सहभागिता युवाओं को व्यवहारिक अनुभव देती है और उन्हें बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है।

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक सोनाली तिवारी ने काव्यांजलि प्रस्तुत की तथा उत्कर्ष सिंह, अमरजीत, हिमांशु, दीनदयाल, आशीष सहित अन्य स्वयंसेवकों ने इस अनुभवात्मक अधिगम से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। 11 थाना क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों ने भी कार्यक्रम के माध्यम से समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि बनने की बात कही।

मुख्य अतिथि श्री आशीष गुप्ता ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को व्यावहारिक शिक्षा के साथ–साथ सामाजिक समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि महिलाओं और पुरुषों को मिलकर कार्य करना चाहिए, जिससे महिलाएं सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा सकें।

बैठक में राष्ट्रीय सेवा योजना की माता सबरी इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, मुकेश, आदित्य, आशीष दुबे, उज्ज्वल सहित अन्य स्वयंसेवक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहें।





विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक करते विद्यार्थी

दिनांक : 31 मई, 2025 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय के पैरामेडिकल विभाग में संचालित महन्त अवेधनाथ इकाई के द्वारा श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेण्टर में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

महंत अवेद्यनाथ इकाई द्वारा विश्व तंबाकू निषेद दिवस पर नुकड़ नाटक का आयोजन विश्व तंबाकू निषेद दिवस जो की प्रतेक वर्ष 31 मई को मनाया जाता है।

इस अवसर पर महंत अवेद्यनाथ इकाई के स्वयंसेवको ने महायोगी गोरक्षनाथ हॉस्पिटल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तम्बाकू के सेवन से किसी भी व्यक्ति के शारीरीक एवं मानसिक स्तर पर क्या प्रभाव पड़ता है।

इसके बारे मे बताया और ये भी बताया की एक व्यक्ति के तंबाकू सेवन से केवल उसको ही नही बल्कि परिवार और समाज पर उसका बुरा प्रभाव पड़ता हैं।

इस कार्यक्रम में हॉस्पिटल मे उपस्थित मरीजो के परिजन सम्मिलित थे, जिन्होंने समझा कि हकीकत में तंबाकू का सेवन किसी भी व्यक्ति के लिए कितना हानिकारक हो सकता हैं।

यह कार्यक्रम फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के डीन (डॉ.) डी.एस. अजीथा और प्राचार्य डॉ रोहित् कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन मे कराया गया।

यह कार्यक्रम महंत अवेद्यनाथ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी (धीरज कुमार) के नेतृत्व में स्वयंसेवको द्वारा सम्पन कराया गया। इसमें प्रमुख रूप से विजय कुमार, रितु, धनन्जय विश्वकर्मा, मुकेश, मनीष, नैना विस्वकर्मा, मुस्कान सिंह, निधि, दिव्याजलि, निशा, दिव्या, राजलक्ष्मी, कल्पना ने सहभागिता किया।

# राष्ट्रीय कैडेट कोर

हिकिंहकेहकेहकेह ‘हकेहिकेहकेहकेहक




सीमा दर्शन टूर एंड ट्रैक राष्ट्रीय शिविर बरेली के लिए प्रस्थान करते कैडेट्स

**दिनांकः 31 मई, 2025** को राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा आयोजित सीमा दर्शन टूर एंड ट्रैक राष्ट्रीय शिविर बरेली में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर से चयनित तीन कैडेट्स गोरखपुर मुख्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

1 जून से 8 जून तक चलने वाले आठ दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में 102 यू.पी. बटालियन गोरखपुर मुख्यालय से कुल 5 कैडेट्स का चयन राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ये गौरव का विषय है कि पहली बार 102 यू.पी. बटालियन गोरखपुर मुख्यालय से 5 कैडेट्स सीमा दर्शन टूर एंड ट्रैक राष्ट्रीय शिविर में सम्मिलित हो रहे हैं। तीन कैडेट्स लांस कॉरपोरल हर्षव साहनी, कैडेट अरुण विश्वकर्मा और आलोक दीक्षित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर से विश्वविद्यालय और बटालियन का प्रतिनिधत्व करेंगे।

कुलपति प्रो. सुरिंदर कुमार सिंह और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने राष्ट्रीय शिविर में चयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि पूर्ण विश्वास है कैडेट्स अनुशासन के साथ सैन्य प्रशिक्षण ग्रहण कर नई उपलब्धियों से विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

यह शिविर सैन्य जीवन और सीमा की सुरक्षा में शामिल चुनौतियों को समझने का एक अद्वितीय अवसर होगा। लांस कॉरपोरल हर्षव कुमार साहनी कृषि विभाग के छात्र हैं, कैडेट अरुण विश्वकर्मा और आलोक दीक्षित फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल के विद्यार्थी हैं। साथ ही दो कैडेट्स अफजल अली और रोशन चौधरी भुवनेश्वरी कुमारी इंटर कॉलेज पिपराइच से शिविर में प्रतिभाग कर रहे हैं।

बटालियन मुख्यालय द्वारा 15 गर्ल्स बटालियन के हवलदार अनूप जी के नेतृत्व में कैडेट्स सीमा दर्शन शिविर के लिए रवाना हुए हैं।

राष्ट्रीय शिविर में सम्मिलित होने पर 102 यू.पी. बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टीनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह, अडम आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा, जेसीओ सूबेदार धरेश माने सहित विश्वविद्यालय के प्रो. सुनील कुमार सिंह, डॉ. विमल कुमार दुबे, डॉ. डी.एस. अजिथा, डॉ. शशिकांत सिंह, डॉ. रोहित श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षकों ने कैडेट्स को बधाई दिया।

# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर उत्तर प्रदेश-273007

प्रकाशक

# राष्ट्रीय सेवा योजना

एवं

# राष्ट्रीय कैडेट कोर




coordinator.nss@mgug.ac.in, mguniversitygkp@mgug.ac.in www.mgug.ac.in